Date
3/6/2020

CLASS : V

SUB : HINDI 2nd LANG

# हिन्दी व्याकरण

## CH : वचन की पहचान

अब गिनती या संख्या के अनुसार संज्ञा शब्दों के रूप समझिए —

एक है तब लड़की, अनेक हैं तब लड़कियाँ ।
एक है तब झूला, अनेक हैं तब झूले ।

इसका अर्थ हुआ कि शब्द का रूप ही उसके एक या अनेक होने का बोध करा देता है ।

"शब्द के जिस रूप से किसी प्राणी, वस्तु या स्थान के एक या अनेक होने का बोध हो, उसे वचन कहा जाता है" ।

### वचन के भेद

i) एकवचन :- शब्द का वह रूप जो उसके एक होने का बोध कराता हो, एकवचन कहलाता है । जैसे — लड़का, माला, कुत्ता, सड़क ।

ii) बहुवचन :- शब्द का वह रूप जो उसके एक से अधिक होने का बोध कराता हो, बहुवचन कहलाता है । जैसे — दो लड़के, तीन कुत्ते, मालाएँ, सड़कें ।

### वचन परिवर्तन

वचन परिवर्तन के कुछ सामान्य नियम इस प्रकार हैं —

जब पुल्लिंग शब्द आकारांत (अंत में आ या आ उच्चारण वाले) हों तब उन्हें ए में बदलकर बहुवचन शब्द बनाए जाते हैं ।

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| घड़ा | घड़े | कुत्ता | कुत्ते |
| तोता | तोते | बेटा | बेटे |
| बच्चा | बच्चे | घोड़ा | घोड़े |

जब स्त्रीलिंग शब्द आकारांत हैं, तब उनमें ऍ जोड़कर बहुवचन शब्द बनाए जाते हैं। जैसे

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
| --- | --- | --- | --- |
| कक्षा | कक्षाऍ | छात्रा | छात्राऍ |
| लता | लताऍ | महिला | महिलाऍ |
| शिला | शिलाऍ | कथा | कथाऍ |

जब स्त्रीलिंग शब्द इकारांत या ईकारांत हो तब उन्हें इयाँ में बदलकर बहुवचन शब्द बनाए जाते हैं। जैसे —

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
| --- | --- | --- | --- |
| जाति | जातियाँ | नारी | नारीयाँ |
| तिथि | तिथियाँ | नदी | नदीयाँ |
| पंक्ति | पंक्तियाँ | टोपी | टोपीयाँ |

कुछ शब्द हमेशा एकवचन में ही प्रयुक्त होते हैं। जैसे —

अचानक वर्षा होने लगी।
भाषण सुन रही जनता अचानक जाने लगी।
पुलिस आंदोलनकारियों को हटाने लगी।

इन वाक्यों में भीड़, वर्षा, जनता, पुलिस एकवचन रूप में हैं।

कुछ शब्द हमेशा बहुवचन में ही प्रयुक्त होते हैं।
जैसे —

बहुत दिनों से आपके दर्शन नहीं हुए थे।
शेर को देखकर उसके होश उड़ गए।
उनके हस्ताक्षर नकली निकले।

इन वाक्यों में दर्शन, होश, हस्ताक्षर बहुवचन रूप में हैं।

1) इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

(क) लिंग किसे कहते हैं ? इसके भेदों के नाम लिखिए।

Ans) शब्द के जिस रूप से किसी प्राणी, वस्तु या स्थान के स्त्री जाति या पुरूष जाति होने का बोध करवाता हो, उसे लिंग कहते हैं। लिंग के दो भेद हैं — स्त्रीलिंग और पुल्लिंग।

(ख) व्यक्तिवाचक और भाववाचक संज्ञा शब्द प्राय: किस वचन में प्रयुक्त होते हैं ?

Ans) व्यक्तिवाचक और भाववाचक संज्ञा शब्द प्राय: एकवचन में प्रयुक्त होते हैं।

(ग) आकारांत पुल्लिंग शब्दों को बहुवचन बनाने के लिए क्या किया जाता है ?

Ans) आकारांत पुल्लिंग शब्दों को बहुवचन बनाने के लिए उन्हें ए में बदलकर बहुवचन शब्द बनाए जाते हैं।

HOME- WORK

1) रेखांकित शब्दों के वचन लिखिए :-

(क) गुरुजन का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।
(ख) श्रोतागण शोर मचाने लगे।
(ग) उस बाग के पेड़ घने थे।
(घ) छत पर बैठी चिड़ियाँ दाना चुग रही थी।
(ङ) बस के चालक को झपकी आ गई।
(च) कक्षा में छात्र शांत बैठे हुए थे।

2) इन शब्दों के बहुवचन रूप से वाक्य बनाइए :-

(क) नारी ; (ख) सड़क ; (ग) जाति ; (घ) गुड़िया।

3) सही उत्तर चुनिए :-

(क) यह शब्द बहुवचन रूप में प्रयुक्त होता है —
भीड़ ☐ डाँट ☐ हस्ताक्षर ☐

(ख) चिड़िया का बहुवचन रूप है —
चिड़ियाँ ☐ चिड़िये ☐ चिड़ियाएँ ☐